15/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पिछले कई दशकों से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर से निर्यात किए जा रहे आतंकवाद के खिलाफ भारत की अभेद्य और मजबूत प्रतिक्रिया है। सेना की 15वीं कोर बादामी बाग छावनी में जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देते हुए भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, बहादुरी और सावधानीपूर्वक काम करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश को सशस्त्र बलों पर उनके साहस, प्रतिबद्धता और मातृभूमि की रक्षा करने के दृढ़ संकल्प पर गर्व है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की निगरानी में लिया जाना चाहिए।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को लिखे पत्र में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने ऐतिहासिक 2023 के फैसले (डॉ. बलराम सिंह बनाम भारत संघ, 2023 आईएनएससी 950) में जारी किए गए 14 निर्देशों का तत्काल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है, जिसका उद्देश्य मैला ढोने और खतरनाक सीवर सफाई की अमानवीय और जाति-आधारित प्रथा को खत्म करना है।

000000000000000000000

केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (DoNER) ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर समिट के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भविष्य में भारत के लिए सबसे बड़ी संभावना आष्ट लक्ष्मी - 8 पूर्वोत्तर राज्य हैं, जो देश के परिवर्तनकारी विकास के केंद्र में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के भंडार के साथ-साथ नॉर्थ ईस्ट की सांस्कृतिक बनावट और इसकी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति ने इस क्षेत्र को दक्षिण पूर्व एशिया के लिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली प्रवेश द्वार में बदल दिया है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने अतोर गिदी के अवसर पर राज्य वासियों विशेषकर आदी समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि, यह पर्व फसलों की सुरक्षा करें और सभी के लिए समृद्धि और शांति लाए। उपमुख्यमंत्री ने भी अपने सोशल मीडिया पोस्ट में राज्य वासियों के लिए अच्छा स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशियों की कामना की।

000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, कुरुंग कुमे, लोअर सुबनसिरी, कामले, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही पापुम पारे और लोअर दिबांग वैली जिले के लिए ओरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज से बहुत तेज बारीश होने की संभवना है।

000000000000000000

भारतीय सशस्त्र बलों और ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में आज लिकाबाली में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष कारदो न्यीग्योर और नारी-कोयू विधायक तोजिर कादू सहित कई गणमान्य व्यक्तियों और सामुदायिक नेताओं ने भाग लिया। देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव से परीपुर्ण इस रैली मे लोगों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

0000000000000000000

भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी और पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार ने आज संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के नए अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। उन्हें आयोग के सबसे वरिष्ठ सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने शपथ दिलाई।

00000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में अंडर 16 वॉयस एण्ड गर्ल्स के लिए फुटबॉल और वॉलीबॉल पर 8वें संस्करण के राज्य स्तरीय हांगपांग दादा मेमोरियल ट्रॉफी के आयोजन के संबंध में चल रही तैयारियों की समीक्षा और चर्चा के लिए डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। यह टूर्नामेंट इस महीने की 23 तारीख से शुरू होकर 02 जून तक चलेगा। स्थानीय विधायक तापी दारांग ने टूर्नामेंट के सुचारू संचालन के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ईस्ट सियांग उपायुक्त तायी ताग्गू ने सभी नोडल अधिकारियों को तैयारी की देखरेख करने और टूर्नामेंट के लिए सौंपे गए कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

0000000000000000000000

तवांग जिले के ग्यालवा सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्टेडियम में आज अंडर-16 बोईस एंड गर्ल्स फुटबॉल और वॉलीबॉल में हांगपान दादा मेमोरियल जिला स्तरीय टूर्नामेंट के 8वें संस्करण का आधिकारिक तौर पर उदघाटन किया गया। अपने उदघाटन भाषण में, विधायक नामगे त्सेरिंग ने युवाओं से हांगपान दादा के जीवन और बलिदान से प्रेरणा लेने और देश की प्रगति और एकता के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने का आह्वान किया।

000000000000000

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। एक बयान में, एमएसएमई ने कहा कि इच्छुक उद्यम इस महीने की 20 तारीख तक पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में आवेदन कर सकते हैं।

0000000000000000000000

राजीव गांधी युनिवर्सिटी रोनो हिल्स, दोईमुख में आयुष मंत्रालय के मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के नेतृत्व में एक वैश्विक पहल योगोत्सव-2025 के हिस्से के रूप में योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम की मेजबानी की।

0000000000000